09/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से अट्ठारह से सत्तर वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए और अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कुछ वर्ष पहले पानीपत से ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान शुरू किया था। इस मौके पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने बीमा सखी योजना के अंतर्गत तीन वर्षों में दो लाख से अधिक महिलाओं की भर्ती का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने ने कहा कि महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के लिए तीन लाख तीस हजार करोड रूपये की राशि निर्धारित की गई है।

000000000000000

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी -एन.आई.टी अरुणाचल का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आज दोरजी खाण्डू स्टेट कनवेंशन हॉल ईटानगर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार, मुख्य अतिथि थे। समारोह को एनआईटी अरुणाचल प्रदेश के चेयरमैन ऑफ बॉर्ड ऑफ गवर्नर्स सुभाष कुमार, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मोहन वी. अवारे सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद एनआईटी अरुणाचल साठ प्रतिशत छात्रों को जॉब प्लेसमेंट उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ इनोवेशन एंड Entrepreneurship की एम. टेक ग्रेजुएट प्रियंका मीना और डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूपर साईंस एंड इंजीनियरिंग की बी. टेक ग्रेजुएट शिवानी अग्रवाल को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता और शहरी विकास विभाग के आयुक्त विवेक पाण्डे ने वेस्ट सियांग जिले के आलो में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने हिसाम विलेज में गार्बेज डंपिंग ग्राउंड, मोबाइल लेगेसी वेन और कचरा प्रबंधन का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने दारका विलेज में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और आलो में मिनि सेक्रेट्रिएट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नेहरु चौक आलो में एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। जिला उपायुक्त मामु हागे, एसएसपी तुम्मे आमो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य सचिव ने पर्यटन, कृषि एवं बागवानी, गैर कानूनी रूप से जिले में प्रवेश को रोकने के साथ ही कॉलेज और स्कूलों में विशेष रूप से नशा मुक्त भारत जागरुकता अभियान की समीक्षा की। इससे पहले मुख्य सचिव ने शी योमी जिले के मेचुखा का दौरा कर विकास गतिविधियों का जायजा लिया।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के इंड्रस्ट्री मिनिस्टर न्यातो दुकोम ने आज पासीघाट में औद्योगिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने पासीघाट के इंडस्ट्रियल एरिया में टेक्सटाइल सेक्टर में हो रही प्रगति के बारे में जानकारी ली। श्री दुकोम ने पारंपरिक तरीके से तैयार किए जा रहे वस्त्रों और स्टेट ऑफ द आर्ट टेक्नोलॉजी से लैस एलम इंडस्ट्री की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कॉटेज इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से भारत विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि कुछ मुद्दों को राजनीतिक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध एक हालिया रिपोर्ट में जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन और एक वरिष्ठ विपक्षी नेता के बीच संबंधों का खुलासा हुआ है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के खेल मंत्री केंतो जिनि ने आज राज्य सचिवालय ईटानगर में हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित ग्यारहवीं कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप एलिट और कॉमनवेल्थ क्लब कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले अरुणाचल प्रदेश एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल इक्कीस स्वर्ण, आठ रजत और इक्कीस कांस्य पदक जीते।

इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन के प्रसिडेंट यार्दा निकी, जनरल सेक्रेट्री जॉन बागांग सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

00000000000000000000

बैंक्वेट हॉल ईटानगर में आज इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे मनाया गया। केंद्रीय कार्पोरेट अफेयर्स, नीति आयोग से संबद्ध एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ अरुणाचल प्रदेश स्टेट यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के शहरी विकास मंत्री बालो राजा और उद्यमी हा तातु सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में शहरी विकास मंत्री बालो राजा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पालन कर रही है।

00000000000000000000

सियांग बेल्ट में बागवानी स्थानीय लोगों की आजीविका का मुख्य आधार है। अरुणाचल प्रदेश में कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्र में महिलाओं को सबसे अधिक स्वरोजगार मिला हुआ है। ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट के सियांग सब्जी मंडी में महिलाएं इन दिनों संतरा और अन्य बागवानी उत्पादों की मार्केटिंग कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। बागवानी के साथ ही खुद मार्केटिंग करने से स्थानीय किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिलता है और इससे उन्हें कृषि एवं बागवानी के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

00000000000000000000

शी योमी जिले के उपायुक्त लियि बागरा ने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट प्लान के अनुसार जिले की विकास परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट प्लान को अपनाने वाला शी योमी अरुणाचल का पहला जिला है और राज्य के अन्य जिले इसका अध्ययन कर रहे हैं।

0000000000000000000000